# उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संगम नोज पर किया योग, स्वस्थ और सशक्त भारत का दिया संदेश

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, प्रयागराजः** आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगरी प्रयागराज के पावन संगम नोज पर 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन और फिट भारत का संदेश दिया।





योग दिवस के अवसर पर संगम तट का वातावरण पूरी तरह योगमय दिखाई दिया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षकों के निर्देशन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक ऊर्जा भी प्रदान करता है। उन्होंने सभी लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी योगाभ्यास में भाग लिया। अधिकारियों ने कहा कि योग स्वस्थ समाज के निर्माण का मजबूत आधार है और नियमित योग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। संगम नोज पर आयोजित इस कार्यक्रम ने योग के प्रति लोगों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया। बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि योग आज जन-जन के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस सफल आयोजन के माध्यम से प्रयागराज ने एक बार फिर पूरे देश को स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का प्रेरणादायी संदेश दिया।

## अखिल विश्व गायत्री ज्योति कलश यात्रा में जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

**औरैया ।** अखिल विश्व गायत्री ज्योति कलश यात्रा के रविवार को उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अजीतमल कस्बे में पहुंचने पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। टोल प्लाजा सहित कस्बे के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। इस दौरान गायत्री माता की प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर भक्तों ने विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की। हरिद्वार स्थित शांतिकुंज से सौ वर्षों से प्रज्वलित अखंड ज्योति के साथ निकली यह पावन ज्योति कलश यात्रा पूरे भारत का भ्रमण कर रही है। यात्रा के अजीतमल पहुंचने पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बाबरपुर तिराहे के पास नादान वर्मा, अजीतमल तिराहे पर पांडेय जी क्लिनिक, तुलसी जनरल स्टोर, शीतला माता मंदिर, अवध मेडिकल स्टोर सहित कई स्थानों पर लोगों ने यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का माल्यार्पण एवं तिलक कर स्वागत किया।

# योग ने दुनिया को जोड़ने का काम किया : चौधरी भूपेंद्र सिंह

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, मुरादाबादः** भारत का विचार सदैव से आपसी सामंजस्य और सद्भाव का रहा है और योग भी मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य के साथ स्वास्थ्य और मानव कल्याण का एक समग्र दृष्टिकोण है। योग ने दुनिया को जोड़ने का काम किया है। डेढ़ सौ से अधिक देश योग के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसकी प्रासंगिकता स्वतः स्पष्ट हो जाती है। यह बातें रविवार को मुरादाबाद के रामगंगा विहार स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में विश्व योग दिवस पर आयोजित सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कही।



मुरादाबाद जिला प्रशासन और आयुष विभाग के तत्वाधान में रविवार को विश्व योग दिवस के उपलक्ष में शहर भर के लोगों ने सामूहिक रूप से विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग अभ्यास कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। वहीं, सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में योग करने के बाद कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विश्व योग दिवस के माध्यम से सम्पूर्ण विश्व के जन को निरोगी और स्वस्थ देखना चाहता है। आज 21 जून को 12 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस दुनिया भर में भव्य स्तर पर मनाया जा रहा है। आज की भागदौड़ भरी और तनावपूर्ण जिंदगी में, जहाँ आधुनिक जीवनशैली के कारण बीमारियाँ कम उम्र में ही घेर रही हैं, भारत की प्राचीन योग पद्धति एक वरदान साबित हो रही है।

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न योग प्रशिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली चौहान, महापौर विनोद अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजू कालरा, जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पेंसिया, मुख्य विकास अधिकारी मणाली अविनाश जोशी, एडीएम सिटी अंकुर श्रीवास्तव, एडीएम फाइनेंस ममता मालवीय, जिला विद्यालय निरीक्षक रितु तोमर, सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह, नागरिक सुरक्षा के उपनियंत्रक नीरज चक, सहायक उप नियंत्रक सतीश कुमार, कीड़ा अधिकारी सुनील कुमार सिंह, क्षेत्रीय पार्षद सुरेंद्र विश्नोई आदि काफी संख्या में पुलिस प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी व महानगर वासी उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के जनपद गोरखपुर में रविवार को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महंत दिग्विजयनाथ पार्क में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ नोडल खेल सचिव सुभाष एलुवाई सहित जनपद के आला अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सुबह होते ही पार्क में योग के प्रति उत्साह और जागरूकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में क्षेत्रीय योगाचार्य चंदन ने लोगों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियां सिखाईं।

मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज योग केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दुनिया के 190 से अधिक देशों में लोग योग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में योग ने लोगों को रोगों से लड़ने की शक्ति दी और इम्युनिटी बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई।' उन्होंने सभी से अपील की कि योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने भी लोगों से कहा कि 'फिट इंडिया अभियान को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि हर व्यक्ति अपने जीवन में योग को शामिल करे।' उन्होंने कहा कि योग से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि व्यक्ति मानसिक रूप से भी मजबूत बनता है। कार्यक्रम में प्रशासनिक और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। डीजी/एडीजी गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन, डीआईजी रेंज एस. चनप्पा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ, एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार, एडीएम प्रशासन डॉ. वैभव शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह, परियोजना निदेशक संदीप सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भी योगाभ्यास में भाग लिया।

इस सामूहिक योग कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक योग किया और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से योगाभ्यास करेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

## योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर हैः मंत्री एके शर्मा

**मऊ।** जिला मुख्यालय पर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने भी योगाभ्यास किया। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में आम नागरिकों के साथ योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में हुए इस अभ्यास में योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंत्री एके शर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, मन शांत रहता है और व्यक्ति के भीतर नई ऊर्जा एवं स्फूर्ति का संचार होता है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवसः गोरखपुर सदर तहसील परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया सामूहिक योग

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुरः** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को सदर तहसील प्रांगण में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष विभाग से जुड़े योग प्रशिक्षक सुधाकर ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।



कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर तहसील के कर्मचारियों तक सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और योग के महत्व को समझते हुए नियमित अभ्यास का संकल्प लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह के समय हुई, जहां योग प्रशिक्षक ने सबसे पहले सभी को योग के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का माध्यम भी है। उन्होंने विभिन्न आसान योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराते हुए, बताया कि नियमित योग से तनाव कम होता है, शरीर स्वस्थ रहता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

इस दौरान एसडीएम सदर दीपक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सदर ज्ञान प्रताप सिंह सहित नायब तहसीलदारगण, कानूनगो, लेखपाल और अन्य पटल प्रभारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में अनुशासन और उत्साह का माहौल देखने को मिला। अधिकारियों ने कहा कि योग आज के भागदौड़ भरे जीवन में अत्यंत आवश्यक हो गया है। नियमित योगाभ्यास से न केवल बीमारियों से बचाव होता है, बल्कि व्यक्ति मानसिक रूप से भी मजबूत बनता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में इसे मनाया जाना भारत के लिए गर्व की बात है। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है। सदर तहसील परिसर में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य जागरूकता का प्रतीक बना, बल्कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी किया। अंत में सभी ने यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से योग करेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे, ताकि एक स्वस्थ और निरोग समाज का निर्माण हो सके।

## आपका राशिफल 22 जून

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक 6 7 9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्ध होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक 4 6 8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितीयों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

# मुख्यमंत्री योगी ने हमीरपुर को दी 636.82 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया,हमीरपुरः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हमीरपुर जिले के राठ स्थित बीएनवी डिग्री कॉलेज मैदान में आयोजित जनसभा में जनपद हमीरपुर को 636.82 करोड़ रुपए की 75 विकास परियोजनाओं की सौगात दी।



मुख्यमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के प्रयासों से बुंदेलखंड अब पिछड़ेपन की पहचान से निकलकर विकास और निवेश के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत किया गया है और विकास की योजनाओं को बिना भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे,पेयजल परियोजनाओं, सड़क निर्माण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं ने क्षेत्र की तस्वीर बदलने का काम किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कुल 75 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिनकी कुल लागत 636.82 करोड़ रुपए है। इनमें आधारभूत संरचना, संपर्क मार्ग, सिंचाई, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य जनोपयोगी सुविधाओं से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं।

जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों को बड़ी विकास सौगात मिली। हमीरपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में 284.46 करोड़ रुपए लागत की 45 परियोजनाएं शामिल हैं, जिनमें 65.27 करोड़ रुपए की 21 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 219.19 करोड़ रुपए की 24 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।

वहीं राठ विधानसभा क्षेत्र में 352.35 करोड़ रुपए लागत की 30 परियोजनाओं को शामिल किया गया, जिनमें 159.81 करोड़ रुपए की 13 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 192.54 करोड़ रुपए की 17 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति पत्र भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है तथा विकास योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा एवं व्यवस्थाएं की थीं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे तथा पार्किंग, पेयजल, चिकित्सा और यातायात प्रबंधन की विशेष व्यवस्था की गई थी। जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही।

# मुख्यमंत्री पीएम आवास योजना के 568 लाभार्थियों को सौंपेंगे चाबी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया,फिरोजाबादः** फिरोजाबाद में मुख्यमंत्री सोमवार को प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत बने 568 आवासों में पात्रों का गृह प्रवेश कराएंगे। इसके साथ ही अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। रविवार को मंडलायुक्त सहित अन्य आला अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फिरोजाबाद जनपद की विधानसभा टूंडला के गांव उसायनी में सोमवार को प्रधानमंत्री आवास शहरी योजना का लोकार्पण करने आयेंगे। इस दौरान वह 568 आवासों की चाबियां सौंपेंगे। केंद्र सरकार ने शहरी बेघर लोगों के लिए उसायनी गांव के निकट इन आवासों का निर्माण कराया है। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री जनपद में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास भी करेंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मंडलायुक्त नागेंद्र प्रताप ने आयोजन स्थल, हेलीपैड और मंच का निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपैड के आसपास उड़ रही धूल पर मिट्टी डालने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने अधिकारियों की मीटिंग कर उन्हें उनकी ड्यूटी समझाते हुए सतर्क रहने को कहा।

कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा और सुरक्षा में चूक से बचने के लिए, जगह-जगह बैरियर लगाए जा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री योगी ने किया बच्चों का अन्नप्राशन

## प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभार्थियों को किया सम्मानित

**राज्यब्यूरो, नईदुनिया, महोबाः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश के महोबा में आयोजित कार्यक्रम से पहले यहां बच्चों का अन्नप्राशन किया। उन्होंने यहां प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, चाबी, स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र आदि प्रदान किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पात्रों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया।

इनमें श्रीकृष्ण पाठक को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लैपटॉप, शुभम को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लैपटॉप, ममता कुशवाहा व चंदा को एनआरएलएम के तहत स्वयं सहायता समूह को 2.47 करोड़ का चेक प्रदान किया।

इसी प्रकार सुशीला को मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की चाबी, दीपेश खरे को मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत समीक्षा अधिकार के रूप में चयन प्रमाण पत्र, मैजा फातिमा को कॉक्लियर इंप्लांट के तहत उपचार व्यय के लिए छह लाख की स्वीकृति राशि, दिनेश को सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 4.50 लाख का चेक, मिथिलेश को कस्टम हायरिंग सेंटर को चाबी, विनोद कुमार को फॉर्म मशीनरी बैंक के तहत 8 लाख का चेक प्रदान किया।



मुख्यमंत्री ने कबरई बांध के तहत पुनर्वास मुआवजा भी प्रदान किया इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कबरई बांध के तहत पुनर्वास मुआवजा भी प्रदान किया; इनमें विद्या देवी को 2.66 करोड़ से अधिक का चेक,लक्ष्मी नारायण को 55.66 लाख से अधिक का चेक , धर्मेंद्र सिंह यादव को 31.98 लाख से अधिक का चेक, पूरन लाल को 24.86 लाख से अधिक का चेक, राजेंद्र को 16.26 लाख से अधिक का चेक, मुन्नी को 14.77 लाख से अधिक का चेक, अमरनाथ को 10.95 लाख से अधिक का चेक और संजय सिंह को 9.98 लाख से अधिक का चेक दिया गया।

# नीट-यूजी पुनर्परीक्षा में 141 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया,उरईः** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा 2026 जनपद के पांच निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी माहौल में सकुशल संपन्न हो गई। जनपद में इस परीक्षा के लिए कुल 1,677 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,536 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 141 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने परीक्षा शुरू होने से पूर्व कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में परीक्षा से समझौता न हो।



उन्होंने प्रवेश द्वार पर अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रिया, बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली तथा जैमर आदि उपकरणों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा केंद्रों पर तैनात स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सतर्क रहने की हिदायत दी गई थी। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि परीक्षा को नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराने के लिए पहले से ही एक व्यापक कार्ययोजना बनाई गई थी। उन्होंने कहा, प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, और पुलिस बल तैनात किया गया था। पूरी परीक्षा के दौरान केंद्रों की वीडियो निगरानी के साथ-साथ उड़नदस्ते भी सक्रिय रहे। हमारी पूरी कोशिश थी कि कोई भी अभ्यर्थी बिना किसी भय और बिना किसी रुकावट के परीक्षा दे सकें।